# कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
# जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट ।।

@ DCPEastJodhpur DCPEastJodhpur @ Dcp Jodhpur East

दिनांकः— 30.04.2024

- पुलिस थाना एयरपोर्ट द्वारा पांचबत्ती के पास हुई मोबाईल लुट की वारदात का खुलासा।
- साथ ही मोटर साईकल चोरी की वारदात का भी खुलासा।
- एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।
- 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण व तकनीकी कौशल का उपयोग कर 05 दिन में दोनों वारदातो का खुलासा।

**घटना का विवरण—**

प्रार्थी श्री शिवम जैन पुत्र श्री मोहनसिंह निवासी नवलगढ़, झुंझुनू ने पुलिस थाना एयरपोर्ट पर रिपोर्ट दी कि मैं दिनांक 25.04.2024 को सांय करीब 9.00 बजे पांचबत्ती सर्कल से अरोड़ा सर्कल की तरफ पैदल जा रहा था तभी निक्की होटल के सामने पीछे से मोटर साईकल पर आ रहे एक युवक ने झपट्टा मारकर मेरा मोबाईल छिन लिया, जिससे मैं नीचे गिर गया और मेरे चोटे भी आयी, इत्यादि रिपोर्ट पर पुलिस थाना एयरपोर्ट पर प्रकरण संख्या 85 दिनांक 25.04.2024 धारा 382 आईपीसी में दर्ज किया गया।

प्रार्थी श्री विक्रमसिंह पुत्र श्री उम्मेदसिंह निवासी बिरलोका खींवसर नागौर ने पुलिस थाना एयरपोर्ट पर रिपोर्ट दी कि दिनांक 25.04.2024 को मैने मेरी मोटर साईकल नम्बर आर जे 21 एसक्यू 1759 को पांचबत्ती सर्कल के पास स्थित होटल पर खडी की थी रात को देखने पर नहीं मिली इत्यादि रिपोर्ट पर पुलिस थाना एयरपोर्ट पर प्रकरण संख्या 86 दिनांक 25.04.2024 धारा 379 आईपीसी में दर्ज किया गया।

**पुलिस कार्यवाहीः—**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त श्री राजेन्द्र सिंह आयुक्तालय जोधपुर के निर्देशानुसार श्री विरेन्द्रसिह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व एवं श्री अभिषेक अंदासु (IPS) सहायक पुलिस आयुक्त वृत पूर्व, जोधपुर पूर्व के निकट सुपरविजन में थाना एयरपोर्ट क्षेत्र में हुई मोबाईल लूट व मोटर साईकल चोरी की घटना के खुलासे के लिये थानाधिकारी पुलिस थाना एयरपोर्ट के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। स्पेशल टीम में श्री रामखिलाड़ी हैड कानि 1879, कैलाश हैड कानि 405, श्री रमेश कुमार कानि 441, श्री सुरेश कानि 879 द्वारा तकनिकी विश्लेषण व वारदात स्थल के आने जाने के सभी रास्ते पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए तो दिनांक 25 अप्रैल 2024 को घटनास्थल के पास के सीसीटीवी में एक युवक संदिग्ध नजर आया जिसके आने जाने के रूट के सीसीटीवी फूटेज देखे गये तो घटना के बाद युवक पांच बत्ती सर्कल से अरो़ड़ा सर्कल की तरफ जाता नजर आया। जिस पर टीम द्वारा संदिग्ध हुलिये के आधार पर ब्रहमदेव पुत्र कैलाश भील निवासी बड़ी भील बस्ती चॉदपोल को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया जिस पर ब्रहमदेव को गिरफ्तार कर उसकी ईतला मुताबिक लूट का मोबाइल व चोरित मोटर साईकल बरामद की गई।

गिरफ्तार मुलजिमः—

01. ब्रहमदेव उर्फ तुतु पुत्र कैलाश जाति भील उम्र 25 साल निवासी बड़ी भील बस्ती चॉदपोल पुलिस थाना सुरसागर जिला जोधपुर पश्चिम।

पुलिस टीमः—

1. श्री हनुमानसिह निपु. थानाधिकारी पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व
2. श्री रामखिलाड़ी हैड कानि 1879 पुलिस थाना एयपोर्ट जोधपुर पूर्व
3. श्री कैलाश हैड कानि 405 पुलिस थाना एयपोर्ट जोधपुर पूर्व
4. श्री रमेश कानि 441 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व। (विशेष योगदान)
5. श्री सुरेश कानि 879 पुलिस थाना एयरपोर्ट जोधपुर पूर्व। (विशेष योगदान)

(आलोक श्रीवास्तव)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व